चिकित्सकों, नर्सों व सफाई कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने की आरोग्य सेतु एप मोबाईल में डाउनलोड करने की अपील

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने प्रदेशवासियों से आरोग्य सेतु एप मोबाईल में डाउनलोड करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा कोरोना वायरस कोविड–19 के संदर्भ में जन साधारण के उपयोग के लिए आरोग्य सेतु मोबाईल एप बनाया गया है। यह एप्लीकेशन हिंदी व अंग्रेजी सहित 11 विभिन्न भाषाओं में उपलब्ध है। यह एप्लीकेशन उपयोगकर्ताओं को उच्च कोरोना वायरस संक्रमण क्षेत्र के समीप होने की चेतावनी देता है।

### सीएम ने शासकीय पत्रावलियों का निस्तारण किया

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत सोमवार को सचिवालय स्थित अपने कार्यालय आए। उन्होंने यहां शासकीय पत्रावलियों का निस्तारण किया। उन्होंने अधिकारियों के साथ प्रदेश में कोरोना वायरस से निपटने के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। सीएम ने कहा कि केन्द्र सरकार से जैसे ही आगे के लिए गाइड लाइन मिलती है, उसके अनुसार कार्यवाही की जानी है।

### उत्तराखंड ग्रामीण बैंक के कर्मचारियों ने सीएम राहत कोष में एक दिन का वेतन दिया

**संवाददाता** देहरादून। कोविड–19 के दृष्टिगत उत्तराखंड ग्रामीण बैंक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के 1 दिन के वेतन का 12 लाख 81 हजार 747 रुपए उत्तराखंड ग्रामीण बैंक ने मुख्यमंत्री राहत कोष हेतु दिया है। फार्मास्यूटिकल मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन भगवानपुर, रुड़की ने 9 लाख 45 हजार 100 रुपए का चेक सीएम राहत कोष हेतु दिया है। ड्रग मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन उत्तराखंड ने भी 8 लाख 23 हजार रूपए का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष हेतु दिया है।

### पुलिस, सीपीयू व होमगार्डस के जवानों को धूप से बचाव को छाते वितरित

**संवाददाता** देहरादून। महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने कोरोना वायरस कोविड 19 संक्रमण के चलते हुए लॉकडाउन में अपनी डयूटी का निर्वहन करने वाले पुलिस कर्मचारियों, सीपीयू जवानों, होमगार्डस एवं सिविल डिफेंस के स्वयंसेवियों के लिए धूप से बचने को बड़े छाते प्रदान किये।

### पूर्व मंत्री बेहड़ ने दी बैसाखी पर्व की शुभकामनाएं

**संवाददाता** देहरादून। उत्तरांचल पंजाबी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मंत्री तिलकराज बेहड़ एवं प्रदेश महामंत्री हरीश नारंग ने सभी देश व प्रदेशवासियों को बैसाखी पर्व की शुभकामनाएं दी हैं। यहां जारी एक बयान में बेहड़ ने कहा कि देश के अंदर बैसाखी का पर्व धूमधाम से मनाया जाता है।

## उत्तराखंड में बारिश की संभावना, खेतों में खड़ी है गेहूं की फसल

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में सोमवार से एक बार फिर मौसम करवट बदल सकता है। मौसम विभाग ने आगामी तीन दिनों तक पहाड़ के जिलों में बारिश की संभावना है। 14 अप्रैल को पर्वतीय क्षेत्रों में ओले और मैदानी इलाकों में कहीं–कहीं हवा के साथ बूंदाबादी की संभावना है। बारिश से नुकसान किसानों को हो सकता है। क्योंकि इस समय खेतों में कटने के लिए गेहूं की फसल खड़ी है। ऐसे में किसानों का भारी नुकसान कर सकती है। सोमवार को हल्द्वानी और देहरादून का मौसम काफी गर्म रहा। सुबह धूप खिलने से मौसम साफ रहा। इससे सुबह 10 बजे ही गर्मी का अहसास होने लगा था। दोपहर में गर्मी के साथ उमस भी महसूस हुई। रविवार को देहरादून का अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री रहा, जो सामान्य से 2 डिग्री अधिक रहा। मौसम विभाग की मानें तो अगले 2–3 दिन मैदानी इलाकों में तापमान 3 से 4 डिग्री बढ़ सकता है। वहीं मौसम विभाग ने अब 13 अप्रैल से प्रदेश के पर्वतीय जिलों में बारिश की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार 13 अप्रैल को उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ जिलों के ऊंचाई वाली जगहों पर बारिश हो सकती है। 14 अप्रैल को प्रदेश में कई जगह बारिश हो सकती है। इस दौरान पहाड़ी इलाकों में ओलावृष्टि होने या आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है।

# शहर व क्षेत्रों को नगर निगम कर रहा सैनिटाइज

**प्रयास**

- लगातार पूरे वार्डों को दोबारा से सैनिटाइज किया जा रहा है : मेयर गामा
- पूरे सौ वार्डों में सैनिटाइजर का छिड़काव किया जायेगा
- दो दिनों में चार लाख लीटर सैनिटाइजर का छिड़काव किया जायेगा

**संवाददाता**

देहरादून। कोरोना वायरस के संक्रमण से निपटने के लिए नगर निगम लगातार शहर व आसपास के क्षेत्रों को सैनिटाइज करने पर लगा हुआ है और सैनिटाइज कर इस बीमारी को भगाने के लिए हरसंभव प्रयास करने में जुटा हुआ है। इस दौरान मेयर सुनील उनियाल गामा, नगर आयुक्त विनय शंकर पांडेय लगातार सैनिटाइज किये गये क्षेत्रों का व्यापक स्तर पर निरीक्षण करने में लगे हुए है।

घंटाघर पर नगर निगम की ओर से पंजाब नेशनल बैंक को अंदर व बाहर से पूरी तरह से सैनिटाइज किया गया और इस दौरान सैनिटाइज कर रहे कर्मचारी का कहना है कि वह राजधानी के अनेक क्षेत्रों को सैनिटाइज करते हुए आ रहा है ओर इस दौरान उन्हें पंजाब नेशनल बैंक को सैनिटाइज करने का टॉस्क दिया गया है और राजधानी के अनेक स्थानों को पूरी तरह से सैनिटाइज किया गया है।



वहीं दूसरी ओर मेयर सुनील उनियाल गामा ने कहा है कि लगातार पूरे वार्डों को दोबारा से सैनिटाइज किया जा रहा है ओर यहां पर सैनिटाइजर का व्यापक स्तर पर छिड़काव किया जा रहा है जिसकी शुरूआत कल मंगलवार से की जायेगी और बुधवार तक भी यह अभियान जारी रहेगा और पूरे सौ वार्डों में सैनिटाइजर का छिड़काव किया जायेगा और इसी प्रकार से लगातार गली मौहल्लों में भी सैनिटाइजर का छिडकाव किया जा रहा है और इसके अलावा लोगों को घरों में रहने की सलाह भी दी जा रही है और नगर निगम के वाहनों से व्यापक स्तर पर कोरोना वायरस कोविड 19 के बचाव के लिए जानकारियां प्रचारित व प्रसारित की जा रही है।

उन्होंने कहा कि पूरे शहर को आठ जोनों में बांटा गया है और लगातार अधिकारी मॉनिटियरिंग करने में लगे हुए है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को अलग अलग क्षेत्रों की जिम्मेदारी प्रदान की गई है और लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन दो दिनों में चार लाख लीटर सैनिटाइजर का छिड़काव किया जायेगा।

# भूकंप के झटकों से कांपी उत्तराखंड की धरती


**भूकंप**

- लॉकडाउन के दौरान आया तीसरा झटका
- लोगों घबराकर घरों से बाहर निकल गए

देहरादून। **संवाददाता**

भूकंप के झटकों से सोमवार को एक बार फिर उत्तराखंड की धरती कांप गई। लोगों को झटकों का अहसास हुआ तो वे घबराकर घरों से बाहर निकल गए। बताया जा रहा है कि भूकंप सोमवार को दोपहर तीन बजकर 19 मिनट आया। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.6 मैग्नाट्यूट आंकी गई है। पिछले एक सप्ताह में यह तीसरा झटका है।

एक बार फिर भूकंप के झटकों से धरती हिल गई है। एक के बाद यह तीसरे भूकंप से लोग डर गए है। प्रदेश का बागेश्वर जिला जोन फाइव में आता है और भूकंप की दृष्टि से बेहद संवेदनशील माना जाता है। सोमवार को आए भूकंप का केंद्र बागेश्वर ही बताया जा रहा है। इसकी गहराई पांच किमी दूर मापी गई है।



**भूकंप का केंद्र बागेश्वर**

प्रदेश का बागेश्वर जिला जोन फाइव में आता है और भूकंप की दृष्टि से बेहद संवेदनशील माना जाता है। सोमवार को आए भूकंप का केंद्र बागेश्वर ही बताया जा रहा है। इसकी गहराई पांच किमी दूर मापी गई है।

भू वैज्ञानिकों के अनुसार पिछले चार सालों में मेन सेंट्रल थ्रस्ट पर 71 बार भूकंप के झटके आ चुके है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह क्षेत्र कितना सक्रिय है। उनका कहना है कि छोटे–छोटे भूकंप के झटके बड़े झटकों की संभावनाओं को रोक देते है। मेन सेंट्रल थ्रस्ट के रुप में जाने जानी वाली दरार 2500 किमी लंबी और कई भागों में विभाजित है। इंडियन और एशियन प्लेट के बीच दबाव टकराने और घर्षण से भूकंप की घटना होती है।

भू वैज्ञानिक रवि नेगी ने बताया कि छोटे–छोटे भूकंप आते रहते है। इससे किसी प्रकार घबराने की जरुरत नही है। लेकिन सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। 31 मार्च को आए भूकंप की तीव्रतर 3.2 मैग्नाट्यूट, 11 अप्रैल को 3.1 मैग्नाट्यूट और 13 अप्रैल को 3.6 मैग्नाट्यूट आंकी गई है।

## चिकित्सकों, नर्सो व सफाई कर्मचारियों को किया सम्मानित

**संवाददाता** देहरूदन। गुरु तेग बहादुर सिंह हॉस्पिटल में कार्यकरत चिकित्सकों, नर्सो एवं फार्मासिटिकल स्टाफ व सफाई कर्मचारियों को कोरोना वायरस कोविड 19 संक्रमण से बचाव के लिए व्यापक स्तर पर कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुष्प वर्षा के बीच सभी को शॉल ओढाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन अजय कुमार ने कहा है कि आज इस प्रकार की संकट की घडी में जिस प्रकार से कोरोना वायरस से निपटने के लिए कार्य कर रहे है वह एक सराहनीय कार्य है और समय समय पर इस प्रकार का बेहतरीन कार्य करने वाले चिकित्सकों, नर्सों, सफाई कर्मचारियों को सम्मानित करने का कार्य किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि साफ सफाई रखने, बार बार हाथों को धोने, किसी अनजान व्यक्ति के संपर्क में न आने की अपील की गई है। उन्होंने कहा कि लॉकडाउन के प्रति भी लोगों को व्यापक स्तर पर जागरूक किया गया।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।